## संक्षिप्त

### भैरूबुल्या में बीसलपुर जलापूर्ति बाधित

**निवाई।** ग्राम पंचायत बहड के गांव भैरूबुल्या में पिछले करीब दो महीनों से बीसलपुर पेयजल योजना के तहत जलापूर्ति गंभीर रूप से बाधित चल रही है। ग्रामीण रामकेश, कैलाश, कमलेश, कैलाश, हनुमान, रमेश, विमल, रामप्रसाद, छोटूलाल, बाबूलाल, शंकरलाल, बाबूलाल मेंबर, कालूराम सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पानी या तो कई दिनों तक आता ही नहीं है, और यदि आता भी है तो महज 10 मिनट के लिए ही सप्लाई दी जाती है, जिससे पूरे गांव की जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही हैं। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने बताया कि उक्त समस्या को लेकर कई बार प्रशासन व जलदाय विभाग को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया है, लेकिन अब तक समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी के इस दौर में पानी की किल्लत ने उनके दैनिक जीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करना भी मुश्किल हो गया है, वहीं घरों में भी पीने और उपयोग के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में जब संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल सका। वहीं प्रशासन की ओर से भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। जिससे लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। उन्होंने बताया कि अगर जल्द ही जलापूर्ति को नियमित नहीं किया गया तो मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि बीसलपुर जल योजना के तहत गांव में नियमित और पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके।

### 15 अवैध जल कलेक्शन हटाए

**टोंक।** अधीक्षण अभियंता (एसई) प्रोजेक्ट के निर्देशन में टीम ने ग्राम देवपुरी, लक्ष्मीपुरा, रानीपुरा ग्राम में अवैध जल कनेक्शन को हटाने का अभियान चलाया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि उनियारा ब्लॉक के ग्राम देवपुरी, लक्ष्मीपुरा में डी.एम. पाईप लाईन में 5 अवैध जल कनेक्शन हटाए गए। साथ ही टोंक ब्लॉक के ग्राम रानीपुरा में डी.एम. पाईप लाईन में 10 अवैध जल कनेक्शन हटाने की कार्यवाही की गई। टीम ने इन अवैध कनेक्शनों की पहचान करने के लिए विस्तृत निरीक्षण किया, जिन्हें विभागीय नियमों के अनुसार तुरंत हटा दिया गया। उक्त अवैध कनेक्शन कर्ताओं के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए दण्डात्मक शुल्क भी लगाया जायेगा ताकि भविष्य में ग्राम रानीपुरा की मुख्य वितरण पेयजल लाईन में अवैध कनेक्शनों की पुनरावृत्ति ना हो। विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि अवैध कनेक्शन की पुनरावृत्ति होती है, तो दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। जलदाय विभाग अवैध कनेक्शनों के खिलाफ अपने अभियान को सख्ती से जारी रखेगा।

### युवा ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति

**लालसोट ।**भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों के संरक्षण के उद्देश्य से पुन: सप्त दिवसीय संस्कार शिविर का आयोजन किया जाएगा। गत वर्ष भगवान परशुराम मंदिर में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में बालकों एवं युवाओं ने भाग लेकर धर्म, संस्कृति, अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति के संस्कार ग्रहण किए थे। आयोजकों ने पिछले वर्ष के प्रतिभागियों से पुन: रजिस्ट्रेशन कराने तथा नए बच्चों व युवाओं को भी शिविर से जोडने की अपील की है। शिविर को भारतीय संस्कृति एवं श्रेष्ठ जीवन मूल्यों के प्रसार का सशक्त अभियान बताया गया।

### चनानी बिजासन माता जी का मेला आज

**निवाई/गुंसी।** ग्राम चनानी में बिजासन माता सातों बहनों के मेले की तैयारियों को लेकर मंदिर परिसर में बैठक आयोजित हुई। हनुमान प्रजापत ने बताया कि बिजासन माता का मेला 10 मई को आयोजित होगा। मेले की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बैठक आयोजित की गई, जिसमें मेला समिति का गठन कर समिति के सदस्यों को विभिन्न कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस दौरान श्रद्धालुओं की संपूर्ण सुविधा, सुरक्षा, पेयजल, साफ-सफाई व यातायात व्यवस्था सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मेले को लेकर जागरण व भजन संध्या सहित कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# भगवान देवनारायण के मंदिर स्थापना से भाईचारा बढ़ेगा - मंत्री बेढम

■ तिजारा के गांव जलालपुर में सरदार पटेल समेत लोक देवताओं की मूर्तियों का अनावरण किया



तिजारा के जलालपुर में लोक देवताओं की मूर्तियों का अनावरण के दौरान उपस्थित मंत्री जवाहर सिंह बेढम सहित जनप्रतिनिधि व समाज के लोग।

**खैरथल।** तिजारा क्षेत्र के जलालपुर गांव में शनिवार को भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभाई पटेल सहित विभिन्न लोक देवताओं की मूर्तियों का विधिवत अनावरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के गृह, गोपालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा मत्स्य पालन विभाग के राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म रहे। अध्यक्षता तिजारा विधायक महंत बालक नाथ योगी ने की समारोह को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री बेढ़म ने कहा कि सरदार पटेल का राष्ट्र निर्माण में योगदान अतुलनीय है। उन्होंने देश की एकता और अखंडता को सर्वोपरि रखते हुए 556 से अधिक रियासतों का भारत संघ में विलय कराया। यदि उनका नेतृत्व नहीं होता तो आज का अखंड भारत शायद देखने को न मिलता। गुजरात और राजस्थान सहित कई रियासतों को षड्यंत्रों से निकालकर भारत से जोड़ने में उनकी ऐतिहासिक भूमिका रही।राज्य मंत्री ने जलालपुर के विकास के लिए कई घोषणाएं कीं। सीएचसी से राजकीय विद्यालय तक लगभग 500 मीटर सड़क निर्माण, विद्यालय की चारदीवारी और राजकीय स्कूल में विज्ञान संकाय शुरू करवाने की घोषणा पर ग्रामीणों ने तालियों से स्वागत किया।

लोक देवताओं की महत्ता पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह परंपरा राजस्थान की संस्कृति, आस्था और सामाजिक एकता की पहचान है। लोक देवता समाज को सेवा, त्याग और सद्भावना का संदेश देते हैं। कार्यक्रम में सम्राट मिहिर भोज, राजेश पायलट और किरोड़ी लाल बैसला सहित विभिन्न लोक देवताओं की मूर्तियां स्थापित की गईं। राज्य मंत्री ने कहा, भगवान देवनारायण राजस्थान के आराध्य हैं। इस मंदिर की स्थापना से क्षेत्र में सुख-समृद्धि और भाईचारा बढ़ेगा। मंदिर हमारी सनातन संस्कृति और संस्कारित शिक्षा के केंद्र हैं। तिजारा विधायक बालक नाथ योगी ने कहा कि मिलकर पवित्र मंदिर का निर्माण किया गया है। कामना है कि गांव में सुख-शांति रहे और बाबा के आशीर्वाद से पूरा गांव एकजुट होकर परोपकारी जीवन की ओर बढ़े।

कार्यक्रम में जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी, पूर्व विधायक जीआर खटाना, इंद्राज गुर्जर, जिला अध्यक्ष बलराम यादव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## महापुराण कथा 21 मई से

**पावटा ।** कस्बे के श्री राठीवाला मंदिर में 21 मई से 28 मई 2026 तक 108 अष्टोत्तरशत श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। आयोजन पूज्य श्री निम्बार्काचार्य श्री श्रीजी महाराज की असीम अनुकम्पा व महंत श्री राधा मोहन दास महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा। आयोजन समिति के अनुसार कथा का आयोजन श्री राठीवाला मंदिर, पावटा (कोटपूतली-बहरोड़) में किया जाएगा, जिसमें कथा प्रवक्ता वृंदावन धाम के आचार्य अभिषेक पाठक श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराएंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से आयोजित होगी। कार्यक्रम के तहत 20 मई को सायं 4 बजे श्री राठी वाला मंदिर पावटा से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो कस्बे के मुख्य मार्गों से होकर पुनः राठीवाला मंदिर पहुंचेगी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इसके अलावा 21 मई को भागवत मूल पाठ प्रातः 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। वही 27 मई को कथा समापन के बाद 28 मई को विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

## अंडरपास पर 4 माह तक बंद

**निवाई।** जयपुर-मुंबई रेलवे ट्रैक पर शिवाजी कॉलोनी में स्थित रेलवे अंडरपास संख्या 42-डी पर तकनीकी निर्माण कार्य के चलते आगामी 4 माह तक यातायात व्यवस्था पूरी तरह बंद रहेगी। वरिष्ठ अनुभाग अभियंता ने बताया कि शिवाजी कॉलोनी में स्थित रेलवे अंडरपास पर लीकेज की समस्या के निस्तारण को लेकर अंडरपास पर निर्माण कार्य किया जाएगा। निर्माण कार्य को लेकर सहायक मंडल इंजीनियर लाइन उत्तर पश्चिम रेलवे विभाग द्वारा 10 मई से 10 अगस्त तक इस अंडरपास से होकर गुजरने वाला समस्त यातायात पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। हालांकि इस अंडरपास से ट्रक और बस जैसे भारी वाहनों का आवागमन पहले से ही नहीं होता है, लेकिन ट्रैक्टर, जीप और मोटरसाइकिल जैसे छोटे वाहनों के लिए यह एक महत्वपूर्ण मार्ग था। निर्माण अवधि के दौरान इन छोटे वाहनों के सुचारू आवागमन के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा झिलाय रोड फाटक, बड़ की ढाणी फाटक, रेलवे स्टेशन फाटक एवं चैनपुरा फाटक को वैकल्पिक रास्तों के रूप में तय किया गया है ताकि आमजन को असुविधा न हो। यात्रियों और स्थानीय निवासियों की सुविधा तथा सुरक्षा को ध्यान में रखे ।

## सार-समाचार

### लोक अदालत में 46 हजार से अधिक प्रकरणों का निस्तारण

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर में शनिवार को आयोजित द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का बड़े स्तर पर निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित इस लोक अदालत में कुल 46 हजार से अधिक प्रकरणों का राजीनामे के आधार पर निपटारा करते हुए करीब 9 करोड़ 68 लाख रुपये के अवार्ड पारित किए गए। पारिवारिक विवादों में वर्षों पुरानी कड़वाहट समाप्त होने के भावुक दृश्य भी देखने को मिले। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भरतपुर के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलजीत सिंह के निर्देशन में शनिवार 09 मई 2026 को वर्ष 2026 की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन भरतपुर मुख्यालय सहित पूरे जिले में किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आयोजित इस राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारी प्रेमलता सैनी, सलीम बदर, कुंतल जैन, अनुतोष गुप्ता, नीरू सोनी एवं श्रद्धा शुक्ला सहित बार अध्यक्ष केके उपाध्याय, उपखंड अधिकारी भारती गुप्ता तथा अधिवक्ता राकेश सिंह, संतोषी लाल गर्ग, यादवेन्द्र गुप्ता, विजय सिंह, मुकीम खान एवं राकेश शर्मा मौजूद रहे। लोक अदालत में पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, चेक अनादरण, दांडिक शमनीय प्रकरणों सहित अन्य लंबित मामलों तथा विद्युत, बैंक, बीमा और राजस्व से जुड़े प्री-लिटिगेशन मामलों के निस्तारण के लिए भरतपुर मुख्यालय एवं तालुका स्तर पर न्यायिक और राजस्व न्यायालयों में कुल 14 लोक अदालत बेंचों का गठन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनुतोष गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से जिले की सिविल, दांडिक एवं राजस्व न्यायालयों में लंबित 13 हजार 78 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। वहीं बैंक, वित्तीय संस्थाओं, बीमा कंपनियों एवं राजस्व से जुड़े 33 हजार 821 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का भी आपसी सहमति से समाधान कराया गया। इस दौरान कुल 9 करोड़ 68 लाख 63 हजार 87 रुपये के अवार्ड पारित किए गए। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना वाहन अधिनियम से संबंधित 42 मामलों तथा 206 पारिवारिक मामलों में राजीनामा हुआ।

### सूने मकान में लाखों की चोरी का खुलासा

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर के मथुरागेट थाना क्षेत्र में सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात, विदेशी मुद्रा और नगदी चोरी करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था, जिसे पुलिस टीम ने धरदबोचा। जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर दिगंत आनंद के निर्देशन में लंबित प्रकरणों एवं वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मथुरागेट थाना पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं सहायक पुलिस अधीक्षक वृत्त शहर भरतपुर के सुपरविजन में थानाधिकारी हरलाल के नेतृत्व में गठित टीम ने सूने मकान में चोरी के मामले में आरोपी फोरया उर्फ फोरू उर्फ रामधन पुत्र गोपाल जाति बागरिया निवासी कादी शहना थाना शाहपुरा जिला भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 6 फरवरी 2026 को जवाहर नगर निवासी महेंद्र कुमार पुत्र मोतीलाल वैश्य ने मथुरागेट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि अज्ञात चोर उनके सूने मकान में घुस गए और कमरे का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात, एक लाख 20 हजार रुपये नकद, 500 अमेरिकी डॉलर तथा तीन युआन विदेशी मुद्रा चोरी कर ले गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने थाना मथुरागेट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। अनुसंधान के दौरान सहायक उपनिरीक्षक जलसिंह एवं उनकी टीम ने तकनीकी एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर चोरी की वारदात में शामिल अन्य आरोपियों तथा चोरी गए सामान की बरामदगी के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

### प्रयोगशाला सहायक भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**टोंक।** जिला मुख्यालय पर शनिवार को आयोजित दो दिवसीय प्रयोगशाला सहायक सीधी भर्ती परीक्षा के पहले दिन 80.40 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने भाग्य आजमाया। कुल 15057 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 12106 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 2951 अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। सुबह से ही शहर में परीक्षार्थियों की चहल-पहल बनी रही। अधिकांश अभ्यर्थी टोंक जिले के होने के कारण अपने निजी साधनों से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचे, जिससे बस स्टैंड और बाजारों में अधिक भीड़ नहीं रही। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई। महिलाओं के मंगलसूत्र, कान के टॉप्स और चूड़ियां तक उतरवाई गईं। जिला प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा करवाई। जिला कलेक्टर टीना डाबी ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सोकरिया के साथ परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया

### अनिश्चितकालीन धरना 128 वें दिन भी जारी

**कोटपूतली ।** निकटवर्ती ग्राम शुक्लावास की मंदिर भूमि सोता नदी में पॉवर हाउस के पास अल्ट्राप्राईम रोडी क्रशर ने डम्फरां व ओवरलोड ट्रकों का जबरन मन्दिर भूमि से रास्ता बना रखा है। जिसे हटाने के लिये उच्च न्यायालय के आदेशों की पालना कराने में कोटपुतली प्रशासन विफल रहा। जिस पर कासंली-शुक्लावास सड़क बचाओ संघर्ष समिति व ग्रामीणों ने आगामी 12 मई से जिला कलेक्टर कार्यालय पर धरना देने का निर्णय लिया हैं। वहीं कांसली-शुक्लावास सड़क बचाओ संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को लगातार 128 वें दिन भी बदस्तुर जारी रहा। सामाजिक कार्यकर्ता राधेष्याम शुक्लावास ने बताया कि ग्राम शुक्लावास में खसरा नं. 896 (मंदिर भूमि) पर क्रशर कारोबारियों द्वारा जबरन अवैध रास्ता बना लिया गया है। इस संबंध में तहसीलदार को शिकायत प्रस्तुत की गई, जिस पर उन्होंने राजस्व अधिनियम की धारा 91 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुये बेदखली के आदेश पारित किये। किन्तु खनन कारोबारियों के राजनीतिक प्रभाव के कारण आज तक अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका। उक्त प्रकरण में राजस्थान उच्च न्यायालय में याचिका भी दायर की गई, जिसमें विगत 01 अप्रैल को आदेश पारित करते हुये 02 माह के भीतर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही जिला कलक्टर एवं तहसीलदार को उक्त आदेश की पालना सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है।

## शव मिलने से सनसनी

**फुलेरा।** अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई, राजकीय रेलवे पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जीआरपी थानाधिकारी ने बताया कि ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर रेलवे स्टेशन नरैना से सूचना मिलने पर जीआरपी थाना फुलेरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल पर निरीक्षण किया, जहां एक अज्ञात व्यक्ति उप लाइन के पास मृत अवस्था में पड़ा मिला। मृतक की उम्र करीब 40 से 45 वर्ष बताई जा रही है। उसका कद लगभग 5 फीट 5 इंच, रंग गेहुआ तथा शरीर सामान्य था। मृतक ने नीले रंग की जींस व कमीज पहन रखी थी। उसके सिर पर बडे बाल एवं सफेद दाढ़ी थी। पुलिस के अनुसार मृतक के सिर पर गहरी चोट तथा शरीर पर रगड़ के निशान पाए गए हैं। प्रथम दृष्टया मामला किसी ट्रेन से गिरने का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने बताया कि हुलिये से मृतक मांगकर खाने वाला व्यक्ति लग रहा है। मामले में जीआरपी थाना फुलेरा ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच कार्यवाही थाना प्रभारी भजनाराम सउनि द्वारा की जा रही है। जीआरपी पुलिस मृतक के परिजनों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस ने मृतक का हुलिया बताया कि अज्ञात पुरुष (हिन्दू), उम्र करीब 45 वर्ष है।

# शिव के गोपी रूप की कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

■ सच्ची श्रद्धा और भक्ति से ही जीवन का कल्याण संभव-राम पाठक महाराज

■ 21 कुण्डीय रुद्र महायज्ञ के चौथे दिन भी भक्तिमय माहौल बना रहा

**पावटा।** क्षेत्र के पावटा कस्बा स्थित बाबा भूतनाथ मंदिर जोहड़ा धाम पर मंहत जयराम दास महाराज के सान्निध्य में आयोजित 21 कुण्डीय रुद्र महायज्ञ के चौथे दिन भक्तिमय माहौल बना। श्रद्धालु यज्ञ मंडप के चारों ओर परिक्रमा कर रहे थे। वही यज्ञाचार्य द्वारकेश मिश्रा के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोचार के बीच हवन कार्य करवाया जा रहा था। वही महिला श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा लगाते नजर आए। वही नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा के सातवें दिन कथावाचक राम पाठक महाराज ने श्रद्धालुओं को चित्रकूट धाम की महिमा का विस्तृत वर्णन करते हुए बताया कि यह भूमि तप, भक्ति और त्याग की पावन स्थली रही है, जहां देवताओं और ऋषि-मुनियों ने साधना कर मोक्ष की प्राप्ति की। चित्रकूट की महिमा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

कथावाचक राम पाठक महाराज ने शिव जी के गोपी रूप धारण कर भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला में जाने का प्रसंग भी बड़े ही रोचक ढंग से सुनाया। उन्होंने बताया कि भगवान शिव ने श्रीकृष्ण की रासलीला के दर्शन करने की इच्छा प्रकट की, लेकिन बिना गोपी स्वरूप के वहां प्रवेश संभव नहीं था। तब शिव जी ने गोपी का रूप धारण कर रास में प्रवेश किया और भगवान की दिव्य लीला का आनंद लिया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव और राधे-राधे के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कथा में धर्म, भक्ति और भगवान के प्रति समर्पण का संदेश देते हुए कथावाचक ने कहा कि सच्ची श्रद्धा और भक्ति से ही जीवन का कल्याण संभव है। कथा के पश्चात महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद व्यवस्था की गई। इस दौरान भूतनाथ कमेटी संरक्षक रामवतार शर्मा, दिनेश शर्मा, मामराज स्वामी, सुशील गौड, विमल गर्ग , अध्यक्ष, विकास शर्मा, सचिव आकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष विमल गर्ग, विजय शर्मा, हिमांशु शर्मा, तरुण शर्मा, महेद्र कुमावत, प्रदीप टाँक कार्तिक शर्मा, मोहित शर्मा, अमित बटवाल, धर्मेंद्र बटवाल, कानू शर्मा, बंटी शर्मा, दीपू जगदीशम सहित कमेटी सदस्यों ने व्यवस्थाएं संभाली व बताया कि प्रतिदिन सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक श्री रूद्र महायज्ञ व दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक शिव महापुराण कथा का प्रतिदिन वाचन किया जा रहा है। जिस पर सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से प्रतिदिन कार्यक्रम में पधार कर कथा श्रवण करने की अपील की। वही नौ दिवसीय विराट संगीतमय शिव महापुराण कथा का समापन महाआरती, पूर्णाहुति व विशाल भंडारे के साथ 11 मई को बाबा भूतनाथ जोहडा धाम मंदिर में होगा।

## वरिष्ठ नागरिक पंडित सीताराम दाधीच का निधन

■ फुलेरा कस्बे के सबसे अधिक उम्रदराज एवं सम्मानित नागरिकों में शामिल सतायुपार पंडित सीताराम दाधीच बोरायडा का निधन हो गया

**फुलेरा।** फुलेरा कस्बे के सबसे अधिक उम्रदराज एवं सम्मानित नागरिकों में शामिल सतायुपार पंडित सीताराम दाधीच बोरायडा का शनिवार को 103 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके बैकुंठवास की खबर से कस्बे में शोक की लहर छा गई। पंडित सीताराम दाधीच धार्मिक प्रवृत्ति के सरल स्वभाव एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज को संस्कार, आदर्श और पारिवारिक मूल्यों की अमूल्य सीख दी। उनके निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षित माना जा रहा है।

उनके छोटे पुत्र गिरधारी लाल दाधीच ने बताया कि गत 3 मई को परिवार में बड़े पड़पोते हिमांशु के यहां पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई थी, जिससे परिवार में खुशी का माहौल था। चौथी पीढ़ी के आगमन का उत्सव मनाया ही गया था कि कुछ ही दिनों बाद पंडित सीताराम दाधीच के निधन से खुशियां मातम में बदल गईं। परिवार में इससे पूर्व उनके बड़े पुत्र गोविंद राम, पुत्रवधु एवं धर्मपत्नी का निधन हो चुका है। वर्तमान में परिवार में एक पुत्र, पुत्रवधु, तीन पोते, दो पड़पोते एवं पांचवीं पीढ़ी में सड़पोता मौजूद है। विशेष बात यह रही कि उन्होंने अपने जीवन में पुत्र, पौत्र, पड़पोते ही नहीं बल्कि सड़पोते तक का सुख भी देखा। शनिवार को उनकी बैकुंठी गाजे-बाजे एवं श्रद्धा के साथ निकाली गई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाजबंधु, रिश्तेदार एवं कस्बेवासी शामिल हुए और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

## विद्यार्थियों ने सीखी एकाग्रता की कला

**निवाई।** स्थानीय पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के मानसिक विकास और तनाव मुक्ति के लिए विपासना ग्रुप के सहयोग से विशेष ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के 830 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और ध्यान की प्राचीन विधियों को समझा। विपासना ग्रुप के मुख्य प्रशिक्षक कमलेश चौधरी ने विद्यार्थियों को ध्यान का अभ्यास कराया। उन्होंने आनापान ध्यान के माध्यम से मन को एकाग्र करने की तकनीक सिखाई। उन्होंने कहा कि ध्यान न केवल मानसिक शांति प्रदान करता है, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और चरित्र गठन में भी सहायक सिद्ध होता है। प्रधानाचार्य गिरराज प्रसाद गुर्जर ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में एकाग्रता का बहुत महत्व है। उन्होंने बताया कि नियमित ध्यान से स्मरण शक्ति तेज होती है और विद्यार्थी परीक्षा के समय होने वाले तनाव व घबराहट से आसानी से बच सकते हैं।

## आचार्य विशुद्ध सागर महाराज को श्रीफल भेंट

**निवाई।** सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में निवाई जैन समाज के श्रद्धालुओं ने सिद्धक्षेत्र सोनागिरी में आचार्य विशुद्ध सागर महाराज को चातुर्मास हेतु श्रीफल भेंट किया। जैन समाज के प्रवक्ता सुनील भाणजा व विमल जौंला ने बताया कि निवाई से श्रद्धालुओं का जत्था अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी में मूलनायक भगवान महावीर के दर्शन किए।

उसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने सोनागिरी में मूल नायक चंद्रप्रभु भगवान का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजा अर्चना की। सोनागिरी में चल रहे हैं भव्य पंचकल्याणक में ज्ञानकल्याण महोत्सव के दिन आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के पाद प्रक्षालन करने का सौभाग्य विष्णु बोहरा, नवरत्न टोंग्या, पारस जैन, गोपाल कठमाणा, दिनेश चंवरिया, मुकेश बनेठा, राधेश्याम मित्तल, विमल सोगानी, नरेंद्र जैन, राजेश झिलाय, कमलेश जैन, महेंद्र जैन, बाबूलाल जैन, अनिल भाणजा, नीरा जैन, शकुन्तला भाणजा, सीमा जैन, उषा जैन, अर्चना जैन व सुनीता बड़ागांव सहित सभी श्रद्धालुओं ने आचार्यश्री के पादप्रक्षालन किया। उन्होंने बताया उसके पश्चात निवाई समाज द्वारा आचार्यश्री को निवाई में चातुर्मास करने हेतु श्रीफल भेट किया। इस दौरान आचार्यश्री ने सभी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि निवाई एक धार्मिक एवं आध्यात्मिक नगरी है। यहां 12 महीने साधु संतों का आवागमन होता रहता है। यहां के लोगों में भक्ति एवं साधु संतों की सेवा करने का भाव हमेशा बना रहता है। निवाई समाज के श्रद्धालु पिछले कई वर्षों से चतुर्मास के लिए जगह-जगह पहुंचकर निवेदन किया हैं। उन्होंने कहा कि निवाई हमारा चातुर्मास जरूर होगा, लेकिन जब तक हमारा और आपका सामूहिक पुण्य होगा, जब निवाई में चातुर्मास होगा। इस अवसर पर आचार्यश्री ने सभी के कल्याण के लिए आशीर्वाद प्रदान किया।

# विलुप्त होती गुदड़ी कला व संस्कृति को दर्शाती ग्राफिटी आकर्षण का केंद्र बनी

■ वर्ल्ड कॉमिक्स इंडिया संस्था का उद्देश्य समुदाय के बच्चों और युवाओं को अपनी पहचान व मंच प्रदान करना है



घुमंतु समुदायों के लिएं रचनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया।

**अलवर।** वर्ल्ड कॉमिक्स इंडिया द्वारा घुमंतू समुदायों के साथ चलाए जा रहे सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम के तहत आज बुर्जा के पास स्थित गाँव मेडीबास में सपेरा समुदाय की संस्कृति और परंपराओं को दर्शाती एक आकर्षक ग्राफिटी का अनावरण किया गया। इस ग्राफिटी में सपेरा समुदाय के पारंपरिक जीवन, लोक कला, सांस्कृतिक पहचान और उनकी समृद्ध विरासत को रचनात्मक ढंग से उकेरा गया है। ग्राफिटी का उद्घाटन वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद मालिक एवं सामाजिक चिंतक बी एल वर्मा तथा समुदाय के लोगों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर बस्ती के युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस ग्राफिटी में सपेरा समुदाय के पारंपरिक जीवन, लोक कला, पहनावे, गुदड़ी, सांस्कृतिक पहचान और उनकी समृद्ध विरासत को रचनात्मक एवं प्रभावशाली ढंग से उकेरा गया है। कला के माध्यम से समुदाय के इतिहास और परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत करने का यह प्रयास लोगों के आकर्षण का केंद्र बना। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की कला गतिविधियाँ न केवल समुदाय की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने का कार्य करती हैं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और परंपराओं से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

उन्होंने कहा कि समाज के विमुक्त और घुमंतू समुदायों की संस्कृति को सम्मान और पहचान दिलाने के लिए ऐसे प्रयास लगातार जारी रहने चाहिए स्थानीय निवासी नेतराम ने कहा कि इस प्रकार की पहल आने वाली पीढ़ियों को सपेरा संस्कृति पर गर्व करने का अवसर देगी।वहीं मैना देवी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि ग्राफिटी में समुदाय के पारंपरिक पहनावे और गुदड़ी को सुंदर तरीके से दर्शाया गया है, जो अत्यंत सराहनीय है। इस अवसर पर बस्ती के युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्थानीय निवासी संगीता एवं कविता जो स्वयं वर्ल्ड कॉमिक्स इंडिया के साथ विगत कई वर्षों से निरंतर कार्य कर रही है, उन्हीं के घर के बाहरी दीवार पर इस ग्राफिटी को संजोया गया है ।संस्था के संस्थापक कार्टूनिस्ट शरद शर्मा के अनुसार एक व्यापक कला आंदोलन के तहत अलवर की अनेक घुमंतू बस्तियों में इसी तरह की ग्राफिटी बनाने की योजना है। कुछ माह पूर्व इसी तरह की एक ग्राफिटी डेहरा स्थित बंजारा बस्ती में बनायीं गयी थी। इसका उद्देश्य समुदाय के बच्चों और युवाओं को अपनी पहचान, इतिहास और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हुए उन्हें सकारात्मक मंच प्रदान करना है। यह संस्था अलवर एवं निकटवर्ती जिलों के अनेक घुमन्तु समुदायों में रचनात्मक तरीके से विकास के कार्यों में जुटी है।

# बंगाल में भाजपा की जीत मोदी के नेतृत्व पर जनता के भरोसे का परिणाम - भूपेंद्र यादव

■ भिवाड़ी से अलवर तक केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का हुआ भव्य स्वागत, किशनगढ़ बास में सभा को किया संबोधित

**किशनगढ़ बास।** पश्चिम बंगाल चुनाव प्रभारी के रूप में गंगोत्री से गगासागर तक यात्रा पूरी कर शनिवार को बंगाल में भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर सायं अपने लोकसभा क्षेत्र अलवर के भिवाड़ी पहुंचे केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने बाबा मोहन राम मंदिर में पूजा अर्चना कर ढोक लगाई देश व क्षेत्र की खुशहाली व प्रगति के लिए कामना की। केंद्रीय मंत्री के भिवाड़ी आगमन पर जिले भर से भाजपा नेता व जनप्रतिनिधि स्वागत के लिए पहुंचे।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के संसदीय क्षेत्र का भिवाड़ी सिंहद्वार अलवर का प्रवेश द्वार है, इसी प्रवेश द्वार के बाबा मोहन राम मंदिर से केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपने लोकसभा चुनाव का शंखनाद किया था और जीत हासिल कर लोकसभा पहुंचे थे, और आज बंगाल में भाजपा सरकार के बनने पर सीधे शपथ ग्रहण समारोह में शरीक होने के बाद, वहां से भिवाड़ी बाबा मोहन राम मंदिर पहुंचे हैं। मंदिर पर पूजा अर्चना कर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव अपने समर्थकों के काफिले के साथ भिवाड़ी में आयोजित अलग-अलग स्थानों पर स्नेह मिलन कार्यक्रम में पहुंचे, जहां उनका कार्यकर्ताओं सहित गणमान्य लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने नेता को बंगाल चुनाव जीतने की बधाई दी। इसके बाद मंत्री अलवर के रामगढ़ में आयोजित श्याम महोत्सव में शामिल होने के लिए रवाना हुए। इस बीच भिवाड़ी से रामगढ़ अलवर तक सड़क मार्ग के टपूकड़ा, तिजारा, किशनगढ़ बास सहित तक जगह-जगह कार्यकर्ताओं की और से रखें स्नेह मिलन स्वागत कार्यक्रम में शामिल हुए। वहां लोगों ने केंद्रीय मंत्री को बंगाल चुनाव जीतने की बधाई दी, मुंह मीठा कराया और साफा व फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

रात्रि करीब 9 बजे किशनगढ़ बास पहुंचे केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का तोप सर्किल पर भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य पूर्व विधायक रामहेत यादव तथा मंडल अध्यक्ष मनोज मित्तल के नेतृत्व में गर्मजोशी के कार्यकताओं ने स्वागत किया गया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने स्वागत में पहुंची हजारों की भीड़ को मंच से संबोधित करते हुए बंगाल जीत की बधाई दी और कहा बंगाल में 35 साल कम्युनिस्ट और 15 साल ममता की सरकार रही है। बंगाल की जनता सरकार के अत्याचारों से दुखी थी लंबे संघर्ष के बाद बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार बनी है।